नं. 1

# संजीव® बुक्स

# अर्थशास्त्र-XII

## व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय (भाग-1)
## एवं
## समष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय (भाग-2)

(कक्षा 12 के कला एवं वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार)

- माध्य. शिक्षा बोर्ड, 2025 के प्रश्न-पत्र का समावेश
- पाठ्यपुस्तक के सभी अभ्यास प्रश्नों का हल
- शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा जारी प्रश्न बैंक के प्रश्नों का हल सहित समावेश
- सभी प्रकार के अन्य महत्वपूर्ण प्रश्नों का समावेश
- योग्य एवं अनुभवी लेखकों द्वारा लिखित
- प्रथम श्रेणी प्राप्त करने के लिए पूर्ण सामग्री

**2026**

संजीव प्रकाशन,
जयपुर

मूल्य : ₹ 360/-

- प्रकाशक :

**संजीव प्रकाशन**

धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता,

जयपुर-3

email : sanjeevprakashanjaipur@gmail.com
website : www.sanjivprakashan.com

- © प्रकाशकाधीन

- **मूल्य : ₹ 360.00**

- लेजर कम्पोजिंग :

**संजीव प्रकाशन (D.T.P. Department),** जयपुर

- मुद्रक :

**मनोहर आर्ट प्रिन्टर्स,** जयपुर

★★★★★★

❖ इस पुस्तक में त्रुटियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। किसी भी त्रुटि के पाये जाने पर अथवा किसी भी तरह के सुझाव के लिए आप हमें निम्न पते पर email या पत्र भेजकर सूचित कर सकते हैं—

email : sanjeevprakashanjaipur@gmail.com

पता : प्रकाशन विभाग संजीव प्रकाशन
धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता, जयपुर

आपके द्वारा भेजे गये सुझावों से अगला संस्करण और बेहतर हो सकेगा।

❖ इस पुस्तक में प्रकाशित किसी त्रुटि के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए लेखक, प्रकाशक, संपादक तथा मुद्रक किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं हैं।

❖ सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र 'जयपुर' होगा।

# विषय-सूची

## व्यष्टि अर्थशास्त्र-एक परिचय-भाग-1


1. परिचय 1-22
2. उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धान्त 23-78
3. उत्पादन तथा लागत 79-128
4. पूर्ण प्रतिस्पर्धा की स्थिति में फर्म का सिद्धान्त 129-169
5. बाजार सन्तुलन 170-205


## समष्टि अर्थशास्त्र-एक परिचय-भाग-2


1. परिचय 206-219
2. राष्ट्रीय आय का लेखांकन 220-269
3. मुद्रा और बैंकिंग 270-302
4. आय और रोजगार के निर्धारण 303-330
5. सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था 331-369
6. खुली अर्थव्यवस्था : समष्टि अर्थशास्त्र 370-400


❑❑❑

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025

## अर्थशास्त्र
## (ECONOMICS)

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**
1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
6. प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।
7. प्रश्न क्रमांक 14 से 20 में आन्तरिक विकल्प हैं। किसी एक विकल्प को हल कीजिए।

### खण्ड-अ (SECTION-A)

1. **बहुविकल्पी प्रश्न** (Multiple Choice Questions) :

(i) 'जनरल थ्योरी ऑफ इंप्लायमेंट, इंटरेस्ट एंड मनी' पुस्तक के लेखक हैं— [1]
(अ) कीन्स (ब) रिकार्डो (स) एडम स्मिथ (द) जे.के. मेहता

(ii) निम्न में से कौन-सा समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णयकर्ता नहीं हो सकता? [1]
(अ) राज्य (ब) भारतीय रिजर्व बैंक
(स) उपभोक्ता (द) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

(iii) अंतिम शरण ऋणदाता कहलाता है— [1]
(अ) व्यापारिक बैंक (ब) केन्द्रीय बैंक (स) निजी बैंक (द) सहकारी बैंक

(iv) निम्न में से कौन-सी परिसम्पत्ति मुद्रा के अतिरिक्त मूल्य संचय का कार्य कर सकती है? [1]
(अ) सोना (ब) भूमि (स) बंधपत्र (द) उपरोक्त सभी

(v) आय का वह भाग जो उपभोग नहीं किया गया, कहलाता है— [1]
(अ) बचत (ब) उपभोग प्रवृत्ति (स) विनिवेश (द) मूल्यह्रास

(vi) उपभोग माँग का सबसे महत्त्वपूर्ण निर्धारक है— [1]
(अ) बचत (ब) उपभोग (स) घरेलू आय (द) निवेश

(vii) निम्न में से कौन-सा प्रत्यक्ष कर है? [1]
(अ) सम्पत्ति कर (ब) उत्पाद कर (स) सीमा शुल्क (द) सेवा कर

(viii) सार्वजनिक वस्तुओं का उदाहरण है— [1]
(अ) राष्ट्रीय सुरक्षा (ब) सड़कें (स) सरकारी प्रशासन (द) उपरोक्त सभी

(ix) निम्न में से कौन-सा देश और उसकी मुद्रा का गलत युग्म है? [1]
(अ) जापान-येन (ब) भारत-रुपया
(स) ब्रिटेन-लीरा (द) संयुक्त राज्य अमेरिका-डॉलर

(x) निम्न में से कौन-सा टैरिफ से संबंधित है? [1]
(अ) विशेष आर्थिक क्षेत्र (ब) व्यापार अवरोधक
(स) व्यापार सहायिका (द) मुक्त व्यापार

(xi) बाजार अर्थव्यवस्था में सभी क्रियाकलापों का निर्धारण होता है— [1]
(अ) बाजार द्वारा (ब) उपभोक्ता द्वारा (स) उत्पादक द्वारा (द) सरकार द्वारा

(xii) विभिन्न बाजारों का अध्ययन संबंधित है— [1]
(अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र से (ब) समष्टि अर्थशास्त्र से
(स) व्यष्टि और समष्टि दोनों से (द) इनमें से कोई नहीं

(xiii) बजट रेखा का समीकरण है— [1]
(अ) $M = P_1x_2 + P_2x_1$ (ब) $M = P_1x_2 \div P_2x_1$
(स) $M = P_1x_1 \div P_2x_2$ (द) $M = P_1x_1 + P_2x_2$

(xiv) निम्न में से कौन-सा वस्तु की माँग का निर्धारक है? [1]
(अ) वस्तु की कीमत (ब) उपभोक्ता की रुचि
(स) उपभोक्ता के अधिमान (द) उपरोक्त सभी

(xv) निम्न में से कौन-सा वक्र आयताकार अतिपरवलय आकृति का होता है? [1]
(अ) औसत परिवर्ती लागत वक्र (ब) कुल स्थिर लागत वक्र
(स) औसत स्थिर लागत वक्र (द) कुल परिवर्ती लागत वक्र

(xvi) कुल लागत और कुल परिवर्ती लागत के मध्य अंतर होता है— [1]
(अ) औसत लागत के बराबर (ब) कुल स्थिर लागत के बराबर
(स) सीमान्त लागत के बराबर (द) औसत स्थिर लागत के बराबर

(xvii) पूर्ण प्रतियोगिता की एक सर्वाधिक प्रतिष्ठित विशेषता है— [1]
(अ) वस्तु विभेद (ब) एक फर्म का कीमत स्वीकारक व्यवहार
(स) अतिरेक लाभ (स) कीमत दृढ़ता

(xviii) यदि माँग तथा पूर्ति वक्र दोनों दायीं ओर शिफ्ट हों तो संतुलन कीमत में— [1]
(अ) वृद्धि होगी (ब) कमी होगी (स) अपरिवर्तित रहेगी (द) उपरोक्त में से कोई भी

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** (Fill in the blanks) :

(i) मुद्रा ................ का एक सर्वमान्य माध्यम है। [1]
(ii) ............. फलन आय तथा उपभोग में संबंध की व्याख्या करता है। [1]
(iii) अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन में स्थिरता लाने के लिए ............. की स्थापना की गई। [1]
(iv) ............ अर्थव्यवस्था का निकटतम उदाहरण चीन है। [1]
(v) आगम का लागत पर आधिक्य .............. कहलाता है। [1]
(vi) फर्मों के निर्बाध प्रवेश तथा बहिर्गमन से अभिप्राय है कि बाजार कीमत सदैव ........... के बराबर होगी। [1]

3. **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न** (Very short answer type questions) :

(i) महामंदी का यूरोप और उत्तरी अमेरिका पर क्या प्रभाव पड़ा था? [1]
(ii) डिजिटल सौदों का कोई एक माध्यम लिखिए। [1]
(iii) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति से आप क्या समझते हैं? [1]
(iv) निवेश को समझाइये। [1]
(v) निर्गत गुणक की गणना का सूत्र लिखिए। [1]
(vi) वार्षिक वित्तीय ब्यौरे का आशय स्पष्ट कीजिए। [1]
(vii) विदेशी विनिमय बाजार से क्या आशय है? [1]
(viii) अर्थव्यवस्था की कोई एक केन्द्रीय समस्या लिखिए। [1]
(ix) सीमान्त उपयोगिता से आपका क्या आशय है? [1]
(x) उत्पादन फलन क्या है? [1]
(xi) पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में अधिपूर्ति का अर्थ समझाइये। [1]
(xii) पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार क्या है? [1]

## खण्ड-ब (SECTION-B)

**लघूत्तरात्मक प्रश्न** (Short answer type questions) :

4. आपके अनुसार पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के कोई दो प्रमुख लक्षण बताइये। [1+1=2]
According to you explain any two main features of capitalist economy.

5. यदि उपभोग फलन C = 40 + 0.75Y तथा निवेश I = 10 करोड़ रुपये हो तो प्रत्याशित समस्त माँग का मूल्य ज्ञात कीजिए। [2]
If consumption function C = 40 + 0.75 Y and investment I = 10 crore rupees are given then calculate the value of expected aggregate demand.

6. सरकार बजट द्वारा स्थिरीकरण कार्य कैसे करती है? विवेचना कीजिए। [2]
How does the government perform stability work through budget? Discuss.

7. नीचे दी गई अदायगी संतुलन तालिका में अज्ञात मानों को ज्ञात कीजिए— [2]
Find the missing values in the balance of payments table given below—

| **क्र.सं S.No.** | **मदें Items** | **मूल्य (मि. डॉलर में) Value (in million $)** |
|---|---|---|
| 1. | निर्यात Export | 160 |
| 2. | आयात Import | 240 |
| 3. | व्यापार संतुलन Trade Balance | ....?.... |
| 4. | अदृश्य मदें (निवल) Invisibles (Net) | 50 |
| 5. | चालू खाते का शेष Current Balance | ....?.... |

8. अवमूल्यन और पुनर्मूल्यन में भेद कीजिए। [2]
Distinguish between devaluation and revaluation.
9. सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण तथा आदर्शक आर्थिक विश्लेषण की विवेचना कीजिए। [2]
Discuss the positive economic analysis and the normative economic analysis.
10. उपयोगिता क्या है? एक उदाहरण की सहायता से समझाइये। [1+1=2]
What is utility? Explain with the help of an example.
11. श्रम के कुल उत्पाद वक्र का रेखाचित्र बनाइये। [2]
Draw the diagram of total production curve of labour.
12. औसत उत्पाद और सीमान्त उत्पाद में भेद कीजिए। [2]
Distinguish between average product and marginal product.
13. एक फर्म के कुल संप्राप्ति वक्र का रेखाचित्र बनाइये। [2]
Draw the diagram of total revenue curve for a firm.

## खण्ड-स (SECTION-C)

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** (Long answer type questions) :

14. निम्नलिखित बुनियादी राष्ट्रीय आय समुच्चयों का विश्लेषण कीजिए— [1+1+1=3]
(i) बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद
(ii) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद
(iii) बाजार कीमत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद
Analyse the following basic national income aggregates—
(i) Gross Domestic Product at market price
(ii) Gross Domestic Product at factor cost
(iii) Net National Product at market price

**अथवा/OR**

निम्नलिखित अवधारणाओं का विश्लेषण कीजिए—
(i) निवल निवेश (ii) मूल्यह्रास (iii) मध्यवर्ती वस्तुएँ
Analyse the following concepts—
(i) Net investment (ii) Depreciation (iii) Intermediate goods

15. योजनागत व्यय और गैर योजनागत व्यय क्या होता है? समझाइये। [$1^1/_2+1^1/_2=3$]
What are the plan and non-plan expenditure? Explain.

**अथवा/OR**

राजस्व व्यय और पूँजीगत व्यय से क्या आशय है? समझाइये।
What is meant by revenue expenditure and capital expenditure? Explain.

16. उपभोक्ता के इष्टतम चयन को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए। [3]
Clarify the consumer equilibrium with the help of diagram.

**अथवा/OR**

माँग के नियम को एक रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए।
Clarify the law of demand with the help of diagram.

17. निम्न तालिका में एक प्रतिस्पर्धी फर्म की कुल लागत (Tc) को दर्शाया गया है। वस्तु की कीमत (P) 10 रुपये दी हुई है। उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर लाभ ($\pi$) की गणना कीजिए। [$6\times{}^1/_2=3$]
The following table shows the total cost (Tc) of a competitive firm. Given price of the good is Rs. 10. Calculate the profit ($\pi$) at each of output-

| उत्पादन स्तर<br>Output level | कुल लागत<br>Total cost (₹) | लाभ ($\pi$)<br>Profit ($\pi$) (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 15 | ....... |
| 2 | 22 | ....... |
| 3 | 27 | ....... |
| 4 | 31 | ....... |
| 5 | 38 | ....... |
| 6 | 46 | ....... |

**अथवा/OR**

अग्र तालिका में दो फर्मों की पूर्ति सारणियाँ $SS_1$ और $SS_2$ दी गई हैं। बाजार पूर्ति सारणी का परिकलन कीजिए। [$6\times{}^1/_2=3$]

In the following table two supply schedules of firms are given. $SS_1$ and $SS_2$. Calculate the market supply schedule—

| कीमत स्तर Price level | फर्म-I पूर्ति ($SS_1$) Firm-I Supply ($SS_1$) | फर्म-II पूर्ति ($SS_2$) Firm-II Supply ($SS_2$) | बाजार पूर्ति Market Supply |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | ....... |
| 2 | 7 | 11 | ....... |
| 3 | 10 | 15 | ....... |
| 4 | 15 | 20 | ....... |
| 5 | 18 | 26 | ....... |
| 6 | 25 | 33 | ....... |

## खण्ड-द (SECTION-D)

**निबन्धात्मक प्रश्न** (Essay type questions) :

18. मुद्रा पूर्ति नियंत्रण के लिए रिजर्व बैंक द्वारा अपनाये जाने वाले नीतिगत उपकरणों का विश्लेषण कीजिए। [4]
Analyse the policy tools to control the money supply by Reserve Bank.

**अथवा/OR**

भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल सौदों की प्रगति पर अपना विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए।
Present your analysis on the progress of digital transactions in the Indian economy.

19. बाजार माँग से क्या आशय है? बाजार माँग वक्र की व्युत्पत्ति को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये। [1+3=4]
What is meant by market demand? Explain the derivation of market demand curve with the help of a diagram.

**अथवा/OR**

माँग वक्र शिफ्ट क्यों होता है? माँग वक्र में शिफ्ट और माँग वक्र की दिशा में गति को रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए।
Why does the demand curve shift? Clarify shift in the demand curve and movement along the demand curve.

20. निम्न सारणी में कुल लागत से औसत लागत और सीमान्त लागत की गणना कीजिए-(रुपयों में) [$8\times{}^{1}/_{2}=4$]
Calculate average cost and marginal cost by total cost in the following table-(In Rupees)

| निर्गत Output | कुल लागत Total Cost | औसत लागत Average Cost | सीमान्त लागत Marginal Cost |
|---|---|---|---|
| 0 | 10 | - | - |
| 1 | 18 | ...... | ...... |
| 2 | 25 | ...... | ...... |
| 3 | 30 | ...... | ...... |
| 4 | 32 | ...... | ...... |

**अथवा/OR**

निम्न सारणी में कुल लागत और औसत परिवर्ती लागत की गणना कीजिए—(रुपयों में)
Calculate the total cost and average variable cost in the following table—(In Rupees)

| निर्गत Output | कुल परिवर्ती लागत Total Variable Cost | कुल लागत Total Cost | औसत परिवर्ती लागत Average Variable Cost |
|---|---|---|---|
| 0 | - | 10 | - |
| 1 | 10 | ..... | ..... |
| 2 | 18 | ..... | ..... |
| 3 | 24 | ..... | ..... |
| 4 | 28 | ..... | ..... |

# अर्थशास्त्र कक्षा-XII ( भाग-1 )
# व्यष्टि अर्थशास्त्र–एक परिचय
## 1. परिचय

### पाठ-सार

**सामान्य अर्थव्यवस्था–**

समाज में लोगों को जीवन-यापन के लिए विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं की आवश्यकता होती है। सामान्यत: एक व्यक्ति की सभी आवश्यकताएँ पूरी नहीं होती हैं। प्रत्येक व्यक्ति जितनी वस्तुओं या सेवाओं का उपभोग करना चाहता है उनमें से उसे कुछ ही उपलब्ध हो पाती हैं। समाज में लोग विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन करते हैं तथा इस उत्पादन का एक अंश वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में करते हैं। हर व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग कर सकता है, किन्तु लोगों की आवश्यकताएँ अधिक होती हैं तथा उनकी पूर्ति के लिए उसके पास संसाधन सीमित होते हैं। अत: लोग वस्तुओं एवं सेवाओं में से कुछ का चयन करने को बाध्य हो जाते हैं तथा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सीमित संसाधनों का उत्कृष्ट प्रयोग करना पड़ता है।

समाज का प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी वस्तु या सेवा का उत्पादन करता है। किसी भी अर्थव्यवस्था में लोगों की सामूहिक आवश्यकताओं तथा उनके द्वारा किए गए उत्पादन के बीच सुसंगतता होनी चाहिए। यदि किसी वस्तु या सेवा की पूर्ति माँग की तुलना में कम है तो दूसरी वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए उपयोग में लाए जा रहे संसाधनों का पुन: विनिधान उस वस्तु के उत्पादन के लिए किया जा सकता है। समाज के सामने सीमित संसाधनों का विनिधान तथा अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं का वितरण मूलभूत आर्थिक समस्याएँ हैं।

**अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याएँ**–प्रत्येक समाज को उत्पादन, विनिमय तथा उपभोग जैसी आधारभूत आर्थिक क्रियाओं में संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है, जिस कारण चयन की समस्या का जन्म होता है। अर्थव्यवस्था की प्रमुख केन्द्रीय समस्याएँ निम्न प्रकार हैं—

(1) किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाए और कितनी मात्रा में?

(2) इन वस्तुओं का उत्पादन कैसे करते हैं?

(3) इन वस्तुओं का उत्पादन किसके लिए किया जाए?

उपलब्ध संसाधनों की कुल मात्रा के परिप्रेक्ष्य में उन संसाधनों का विभिन्न रूपों में विनिधान संभव है और उससे सभी संभावित वस्तुओं तथा सेवाओं के विभिन्न मिश्रणों को प्राप्त किया जा सकता है। उपलब्ध संसाधनों की मात्रा तथा उपलब्ध प्रौद्योगिक ज्ञान के द्वारा उत्पादित की जा सकने वाली सभी वस्तुओं तथा सेवाओं के सभी संभावित संयोगों के समूह को अर्थव्यवस्था का उत्पादन संभावना सेट कहते हैं तथा इनसे निर्मित वक्र को सीमान्त उत्पादन संभावना कहते हैं। प्रत्येक अर्थव्यवस्था को अपने पास उपलब्ध अनेक संभावनाओं में से किसी एक का चयन करना पड़ता है।

**आर्थिक क्रियाकलापों का आयोजन**–अर्थव्यवस्था की आधारभूत समस्याओं का निम्न तरीकों से समाधान किया जा सकता है—

**(1) केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था**–केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत सरकार अथवा केन्द्रीय सत्ता द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, विनिमय तथा उपभोग से सम्बद्ध सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय किए जाते हैं।